कार्यालय सिटी मिशन प्रबंधन इकाई, जिला– नारायणपुर (छ0ग0)

क्रमांक / / सि0मि0प्र0ई0 / 2015 नारायणपुर, दिनांक–28/9/2015

नियुक्ति हेतु विज्ञापन

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी अभिकरण रायपुर के पत्र क्रमांक/09/ सूडा/ NULM/2014/3916 रायपुर दिनांक– 06–03–2014 के अनुसार निम्न पद पर संविदा आधार पर पद पूर्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से दिनांक .15/10/2015 तक संलग्न प्रारूप परिशिष्ट "अ" में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, आवेदन पत्र सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर, सिटी मिशन प्रबंधन इकाई नगर पालिका परिषद् नारायणपुर, जिला– नारायणपुर (छ0ग0) को सम्बोधित करते हुए आवेदन रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से ही भेजे जाये (सीधे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे) अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

क्र.	पदनाम	स्वी.पद संख्या	वेतनमान	शैक्षणिक अर्हता एवं अनिवार्य अर्हता
1.	सामुदायिक संगठक	01 अनारक्षित	10000.00 (एक मुश्त संविदा आधार पर)	राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण। सामाजिक विकास के क्षेत्र में 5 वर्ष का अनुभव) कम्प्यूटर (वर्ड/एक्सेल/ पावर पाईंट, इंटरनेट इत्यादि का ज्ञान, हिन्दी एवं अंग्रेजी का ज्ञान।

नियुक्ति की सामान्य शर्तें :–

1. संविदा भर्ती शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम लागू रहेगा।
2. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक उल्लेख करना तथा प्रमाणित छायाप्रति आदेवन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। नारायणपुर जिले के निवासी को प्राथमिकता दी जावेगी ।
4. आवेदक द्वारा निर्धारित शैक्षणिक एवं तकनीकी अर्हताओं की स्व सत्यापित अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. दिनांक– 01–09–2015 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए छ0ग0 शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग एवं महिला उम्मीदवारों के लिए शासन के नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जायेगी, जिसके लिए उन्हें जाति प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया हुआ लगाना अनिवार्य होगा।
6. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार अपने जाति संबंधी प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित कर प्रस्तुत करेंगे, यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
7. उम्मीदवारों का चयन निर्धारित चयन प्रक्रिया के कुल प्राप्तांकों की प्रावीण्य सूची एवं अनुभव के आधार पर मेरिट क्रम के अनुसार एवं कौशल परीक्षा के उपरांत ही किया जायेगा।
8. आवेदन पत्र के साथ 5/– डाक टिकट चस्पा कर पता लिखा हुआ 2 लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य है। अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. किसी भी आवेदन पत्र को मान्य/अमान्य करने तथा पद में कमी अथवा वृद्धि संबंधी समस्त अधिकार सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर, सिटी मिशन प्रबंधक ईकाई, जिला– नारायणपुर के पास सुरक्षित रहेंगे। किसी भी विवाद की स्थिति में सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर, सिटी मिशन प्रबंधन ईकाई, जिला– नारायणपुर का निर्णय सर्वमान्य तथा बंधनकारी होगा।
10. अपूर्ण आवेदन एवं निर्धारित प्रपत्र में नहीं होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

11. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगा। सम्प्रदायिक संगठन की नियुक्ति संविदा नियमों के अनुसार 2 वर्षों के लिए की जावेगी। 2 वर्ष पश्चात् नियुक्ति स्वमेव समाप्त हो जायेगा। यदि कार्य संतोषप्रद रहा तो आवश्यकता के आधार पर अवधि बढ़ायी जा सकती है।

सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर
सिटी मिशन प्रबंधन ईकाई
जिला– नारायणपुर

पृ0क्रं0 / 85 / सि0मि0प्रं0ई0 / 2015
प्रतिलिपिः–

नारायणपुर, दिनांक– 23 / 9 / 2015

1. मिशन संचालक, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, रायपुर (छ0ग0) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कलेक्टर एंवं अध्यक्ष, सिटी मिशन प्रबंधन इकाई जिला– नारायणपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
4. जिला सूचना अधिकारी, जिला– नारायणपुर की ओर सादर सम्प्रेषित। कृपया शासकीय वेब साईट एवं नारायणपुर जिला के वेब साईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. जिला जनसम्पर्क अधिकारी, जिला– नारायणपुर की ओर भर्ती विज्ञापन समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु सादर सम्प्रेषित।
6. कार्यालय कलेक्टर जिला– नारायणपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नारायणपुर, एवं नगरपालिका परिषद नारायणपुर कार्यालय के कार्यालय सूचनाफलक पर प्रकाशनार्थ।

सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर
सिटी मिशन प्रबंधन ईकाई
जिला– नारायणपुर

परिशिष्ट–"अ"

आवेदन पत्र का प्रारुप

प्रति,

.....

.....

आवेदित पद का नाम :– .....

1. आवेदक का नाम :– .....
   अंग्रेजी में :– .....
2. पिता / पति का नाम :– .....
3. वर्तमान डाक का पता जिस पर :– .....
   पत्र व्यवहार किया जावेगा। .....
   .....
4. स्थायी पता :– .....
   .....
   .....
5. जन्म तिथि (पांचवी / हाईस्कूल / हायर से. :– .....
   या समकक्ष परीक्षा के परीक्षा के प्रमाण पत्र में
   दर्ज अनुसार
6. दिनांक– 01 / 09 / 2015 को आयु :– वर्ष .....माह .....दिन.....
7. जन्म स्थान :– ग्राम / नगर.....
   तहसील ..... जिला–.....
   राज्य ..... पिन–.....
8. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कमांक :– .....
9. शैक्षणिक योग्यता:–

क0	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	स्कूल / बोर्ड / विश्व विद्यालय का नाम	विषय	प्राप्तांको का प्रतिशत	प्रतिशत / श्रेणी
1	2	3	4	5	6

10. तकनीकी योग्यता: –

क0	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	मंडल / संस्था का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	प्राप्त अंक	प्रतिशत / श्रेणी
1	2	3	4	5	6

11. सामाजिक विकास के क्षेत्र में अनुभव का विवरण –

क्र0	संस्था का नाम का नाम	पदनाम	कब से	कब तक
1	2	3	4	5

12. जाति (अजजा./अजा./अपिव./सामान्य) :– .....
13. क्या आवेदक विवाहित है? यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि :– .....
14. जीवित बच्चों की संख्या (बच्चों का नाम/लिंग /जन्मतिथि सहित :– .....
:– .....
15. विकलांगता होने की दशा में सक्षम अधिकारी जिला मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र की सत्य प्रतिलिपि संलग्न करें। :– .....
16. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थानों/न्यायालय में लंबित है। अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है? यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण कमांक एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप में उल्लेख करें।

संलग्नः– सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची विवरण सहित।

1. .....
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा–पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैंने विज्ञापित पात्रता शर्तों को ध्यान से पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, इस आवेदन पत्र में दी गई प्रविष्टतां सत्य पूरी और सही है। मुझे मालूम है कि यदि कोई जानकारी असत्य एवं गलत पायी जावेगी तो मेरी आवेदन निरस्त किया जावेगा। परीक्षा में उत्तीर्ण एवं चयन के उपरांत भी मेरा चयन या मेरी नियुक्ति निरस्त की जावेगी, जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नही होगा।

स्थान– नारायणपुर
दिनांक– / /2015

आवेदक के हस्ताक्षर